# स्मार्ट विलेज स्कीम

# मोगड़ा कलां गाँव

# वार्षिक प्रगति रिपोर्ट

## 1.4.2019 से 31.3.2020

| क्र. सं. | दिनांक | कार्यक्रम |
|---|---|---|
| 1. | 04.07.2019 | स्कूल नामांकन कार्यक्रम |
| 2. | 02.08.2019 | मोगड़ा कलां के स्कूल में खसरा व रूबेला टीकाकरण विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारीयों ने दिया अपना योगदान |
| 3. | 10.08.2019 | विश्वविद्यायल द्वारा गोद लिए गाँव मोगड़ा कलां में सघन वृक्षारोपण |
| 4. | 21.10.2019 | खेलो इंडिया कार्यक्रम |
| 5. | 26.11.2019 | कृषि वैज्ञानिक–कृषक संवाद कार्यक्रम<br>कृषि, पशुपालन एवं जल संरक्षण कार्यशाला |
| 6. | 25.12.2019 | विशेष शिविर के तहत् मोगड़ा कलां में स्वच्छता अभियान एवं सर्वेक्षण<br>कार्यक्रम आयोजित |
| 7. | 26.01.2020 | मोगड़ा कलां गाँव में महिला कौशल विकास कार्यक्रम |
| 8. | 05.02.2020 से 06.02.2020 | मोगड़ा कलां गाँव में नशा मुक्ति शिविर कार्यक्रम |

## <u>स्कूल नामांकन कार्यक्रम</u>
## <u>4.7.2019</u>

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय द्वारा स्मार्ट विलेज स्कीम के तहत् राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी व स्मार्ट विलेज नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत व स्वयं सेवकों ने। मोगड़ा कलां गाँव में घुम–घुम कर स्कूल में नामांकन करवाने में अपना सहयोग प्रदान किया। डॉ. अशोक पटेल ने स्कूल के प्रधानार्या किरण वर्मा से चर्चा कर स्कूल में नामांकन करवाने व गाँव में नामांकन के प्रति जनचेतना लाने हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों तथा स्कूल में विद्यार्थी द्वारा रैली निकालने का प्रस्ताव भी दिया। सम्पूर्ण एक दिवसीय कार्यक्रम में स्वयं सेवकों द्वारा घर–घर जाकर नामांकन हेतु ग्रामीणों से अपील की व छोटे बच्चों को रोजाना स्कूल भेजने हेतु निवेदन किया।





## <u>मोगड़ा कलां के स्कूल में खसरा व रूबेला टीकाकरण</u>
## <u>विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारियों ने दिया अपना योगदान</u>
## <u>2-8- 2019</u>

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय द्वारा स्मार्ट विलेज स्कीम के तहत् गोद लिए गए गाँव मोगड़ा कलां के राजकीय सीनीयर सैकेण्डरी स्कूल में भारत सरकार द्वारा चलाए गए खसरा व रूबेला निदान अभियान के तहत् दोनों    का टीकाकरण किया गया। टीकाकरण हेतु जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण

गहलोत, डॉ. अशोक पटेल, डॉ. अनुराग चौधरी, डॉ. देवकरण, डॉ. ललीत पंवार, डॉ. फत्ताराम, डॉ. कुलदीप मीणा द्वारा टीकाकरण में सहयोग कर समस्त स्कूल के बच्चों का टीकाकरण किया गया। टीकाकरण के दौरान बच्चों का आमुखीकरण कर उन्हें टीके से होने वाले लाभ के बारे में बताया गया। समस्त छात्र–छात्राओं को विश्वविद्यालय कि तरफ से अल्पाहार (बिस्किट व केले) करवाया गया। डॉ. प्रवीण गहलोत ने अभिभावकों से बातचीत करते हुए उन्हें बताया कि टीकाकरण से बालक–बालिकाएं मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ्य रहेंगे। जब बालक स्वस्थ होंगे तभी उनका विकास होगा व पढाई व कौशल क्षैत्रों में अपना बेहतर प्रदर्शन करेगा। टीकाकरण के दौरान गाँव के युवा सरपंच श्री प्रकाश पटेल भी उपस्थित रहें। स्कूल के प्रधानाध्यापक श्रीमति किरण वर्मा द्वारा विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों को धन्यवाद दिया व भविष्य में भी सहयोग प्रदान करने कि अपेक्षा की।

















दैनिक नवज्योति

03-08-19

# विवि के गोद लिए मोगड़ा कलां गांव में टीकाकरण कैंप आयोजित

नवज्योति/जोधपुर। व्यास विश्वविद्यालय की ओर से स्मार्ट विलेज स्कीम के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा गोद लिए गाँव मोगड़ा कलां में राजकीय सीनियर सैकंडरी में खसरा व रूबेला निदान अभियान के तहत विद्यार्थियों का टीकाकरण किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम बिश्नोई ने बताया, कि टीकाकरण के लिए जेएनवीयू राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम के अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. अशोक पटेल, डॉ. अनुराग चौधरी, डॉ. देवकरण, डॉ. ललित पंवार और डॉ. फत्ताराम ने टीकाकरण में सहयोग कर बच्चों का टीकाकरण किया। टीकाकरण के दौरान बच्चों का आमुखीकरण कर उन्हें टीके से होने वाले लाभ के बारे में बताया गया। समस्त छात्र/छात्राओं को विवविद्यालय की तरफ से अल्पहार करवाया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत बताया, कि इस दौरान अभिभावकों को बताया कि टीकाकरण से बालक बालिकाएं मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगे।

## विश्वविद्यायल द्वारा गोद लिए गाँव मोगड़ा कलां में सघन वृक्षारोपण
## दिनांक : 10.08.2019

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय द्वारा स्मार्ट विलेज स्कीम के तहत् गोद लिए गाँव मोगड़ा कलां में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा गाँव के सेठ जवानमल सामसुखा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सघन वृक्षारोपण किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने बताया कि विद्यालय में करीब 100 पौधें लगाए गए जिसमें नीम, बादाम, सरेस, शिशम, कंरज, रोहिड़ा, खीरनी, धावड़ा, धोक, गुंदा, जामुन, सीताफल, नीम्बु एवं अन्य प्रजातियों के फलदार व छायादार पौधें लगवाए गए। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमति किरण वर्मा सहित समस्त शैक्षणिक, अशैक्षणिक कर्मचारियों एवं छात्र–छात्राओं द्वारा पूर्ण उत्साह से पौधा रोपण किया गया। इसके साथ ही गाँव की राजकीय उच्च प्राथमिक बालिका विद्यालय के प्रांगण में भी छात्राओं द्वारा पौधा रोपण किया गया। इसके उपरांत समस्त विद्यार्थीयों के समूह बनाकर उन्हें पौधों की नियमित सार–सम्भाल व रखरखाव की शपथ दिलाई गई। विद्यार्थीयों के समूह को लगाए गए पौधें गोद दिए गए ताकि वे व्यक्तिगत जिम्मेंदारी से उनकी देखभाल कर सकें। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. के. आर. पटेल, डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. अशोक पटेल, डॉ. रामप्रकाश सारण, डॉ. अनुराग चौधरी, डॉ. प्रियंका पुरोहित, डॉ. उत्तम पालीवाल, डॉ. फत्ताराम, डॉ. प्रवीण चन्द्र एवं डॉ. देवकरण द्वारा विद्यार्थीयों एवं ग्रामीणों को वृक्षारोपण से होने वाले फायदों से अवगत कराया गया।

इस कार्यक्रम में गाँव के युवा सरपंच श्री प्रकाश पटेल, बिन्जाराम, भाखरराम, भवराराम, पोलाराम, मगलाराम, भागीरथ, अमरराम, विनोद, विजय, हनुमान, भैराराम, हर्ष, इत्यादि ग्रामिणों ने अपने नाम का पौधा लगाकर इनको बड़ा करने की शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम के अन्त में डॉ. के. आर. पटेल ने समस्त ग्रामिणों को धन्यवाद ज्ञापित किया।







Smart Village Scheme


राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय


नारायण व्यास विश्वविद्यालय
Village Scheme


आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय मोगड़ा कलां लूणी जोधपुर
POCO
SHOT ON POCO F1







## <u>खेलों इंडिया कार्यक्रम</u>

**<u>21.10.2019</u>**

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना व स्मार्ट विलेज स्कीम के संयुक्त तत्वाधान में भारत सरकार की महत्ती योजना खेलों इंडिया कार्यक्रम के तहत् मोगड़ा कलां गाँव में खेल के मेंदान की सफाई करवाई गई। मोगड़ा कलां गाँव के सरपंच श्री प्रकाश पटेल ने राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी व स्मार्ट विलेज स्कीम के नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत से निवेदन किया कि गाँव में बच्चों के खेलने के लिए मेंदान उपलब्ध नहीं है अतः विश्वविद्यालय द्वारा इस कार्य को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों के सहयोग से एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन कर खेल मेंदान की साफ–सफाई करके ग्रामीण बच्चों के लिए खेल मेंदान उपलब्ध करवाया। कार्यक्रम में डॉ. अशोक कुमार पटेल, डॉ. के. आर. पटेल, डॉ. रामप्रकाश सारण ने सहयोग प्रदान किया।













## कृषि वैज्ञानिक–कृषक संवाद कार्यक्रम
## कृषि, पशुपालन एवं जल संरक्षण कार्यशाला
## 26.11.20219

जोधपुर 26.11.2019 जय नारायण व्यास विष्वविद्यलाय के स्मार्ट विलेज इनिषिएटिव स्कीम के तहत् गोद लिए गए मोगड़ा कल्ला गाँव में आज  कृषि वैज्ञानिक–कृषक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उन्नत कृषि, पशुपालन उद्योग व जल संरक्षण की नवीनतम जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में स्मार्ट विलेज मोगडा कलां गाँव के नोडल अधिकारी प्रोफेसर प्रवीण गहलोत ने कार्यक्रम के महत्ता पर प्रकाश डाला व इस कार्यक्रम की सार्थकता पर अपना उदबोधन दिया। प्रोफेसर के. आर. पटेल द्वारा मोगडा कलां गाँव में कृषि व पशुपालन में आने वाली समस्या को रेखांकित किया। काजरी के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. आशुतोष कुमार पटेल द्वारा वैज्ञानिक विधि से पषुओं की जानकारी के साथ दूध का उत्पादन बढ़ाने हेतु सुझाव दिए गए । काजरी के वैज्ञानिक डॉ. पी. सान्त्रा ने सौर उर्जा व जल संरक्षण की जानकारी प्रदान कर बताया की खेत में किस प्रकार सरकारी सहायता से सौर उर्जा पैनल स्थापित किए जा सकते है। जोधपुर कृषि विश्वविद्यालय के पादप रोग विशेषज्ञ डॉ जीवाराम ने फसलों को रोगों से बचाने हेतु उपाय व जैव नियंत्रक की जानकारी दी।

कृषि विश्वविद्यालय के कीटरोग विशेषज्ञ डॉ. शालिनी पाण्डे ने विभिन्न फसलों को कीट रोगों से बचाने हेतु समेंकित कीट नियत्रंण पर अपना उद्बोधन दिया। डॉ. सुमित्रा चौधरी ने परम्परागत खेती व उसके उत्पादन से आमदनी बढ़ाने पर व्याख्यान दिया। कृषि पर्यवेक्षक श्री ग्यारसीलाल ने मिट्टी की जाँच व उनमें उपस्थित सुक्ष्म पोषक तत्वो की जानकारी प्रदान की। डॉ. अशोक कुमार पटेल ने औषधीय पादपों की खेती एवं उनके विपणन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कृषि की समस्या व उसके सुझाव हेतु वाद–विवाद चौपाल का आयोजन किया गया जिसका संचालन डॉ. अशोक कुमार पटेल ने किया। कार्यक्रम के अन्त में युवा सरपंच जी प्रकाश पटेल ने कहा कि अब समय कृषि विज्ञान का है इसलिए किसानों को भी वैज्ञानिक सोच, तरीके व तकनीक अपनाकर उत्पादन बढ़ाना होगा।

कार्यक्रम में खेती की नई तकनीक, उन्नत बीजों की जानकारी, औषधीय पौधों की खेती व विपणन इत्यादि जानकारी की मॉडल सहित जानकारी देने हेतु डॉ. आशुतोष कुमार पटेल ने सभी कृषकों को काजरी भ्रमण हेतु आमंत्रण दिया। कार्यक्रम में ग्रामीण, युवा कृषक, ग्राम सभा के सदस्य, सहकारी समिति के सदस्य, ग्राम संगठनों की महिला सदस्या, इत्यादि मौजूद थे। कार्यक्रम के अन्त में ग्राम सेविका श्रीमति अंजु चौधरी ने मोगड़ा कलां गाँव में कार्यक्रम करने हेतु जय नारायण विश्वविद्यालय का धन्यवाद ज्ञापित किया। पूर्व सरपंच श्री केवलराम पटेल ने गाँव में ऐसे कार्यक्रम निरन्तर करने हेतु विश्वविद्यालय से अनुरोध किया।


जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर
स्मार्ट विलेज इनिशिएटिव
कृषि वैज्ञानिक-कृषक संवाद कार्यक्रम
(कृषक एवम् कृषि वैज्ञानिक चौपाल)
(कृषि, पशुपालन व जल संरक्षण)

`


POCO
SHOT ON POCO F1


POCO
SHOT ON POCO F1


POCO
SHOT ON POCO F1


POCO
SHOT ON POCO F1

# विशेष शिविर के तहत् मोगड़ा कलां में स्वच्छता अभियान एवं सर्वेक्षण कार्यक्रम आयोजित

**25.12.2019**

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी इकाईयों द्वारा महामहिम राज्यपाल की स्मार्ट विलेज स्कीम के तहत् गोद लिए गए गाँव मोगड़ा कलां में स्वयं सेवकों द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत् स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में स्वयं सवकों द्वारा स्वच्छ घर, स्वच्छ गाँव, खुले में शौच बंद करों, टीकाकरण करवाओं, पर्यावरण संरक्षण, जल प्रबन्धन के नारे लगवाकर ग्रामीणों को संदेश दिया। स्वयं सेवकों द्वारा गाँव के लगभग 100 घरों का सर्वे कर विभिन्न सरकारी योजनाओ से अवगत कराया गया जिसमें मुख्य रूप से उज्जवला योजना, शौचालय निर्माण योजना, जैविक कृषि, मृदा जाँच, पशुपालन इत्यादि के बारे में जानकारियां इकट्ठी की। गाँव की विभिन्न समस्याओं जिनमें पशु चिकित्सालय की कमी, वृद्वावस्था–विधवा पेंशन, सीवरेज की समस्या, कच्ची सड़के एवं बिजली–पानी की समस्या इत्यादि का हैं। कार्यक्रम प्रभारी प्रो. के. आर. पटेल, प्रो. प्रवीण गहलोत, डॉ. अशोक पटेल, डॉ. उत्तम पालीवाल ने रैली, सफाई अभियान एवं सर्वेक्षण का नेतृत्व किया। स्वयं सेवक भैराराम भाटी, मनोहर सिंह, राकेश विश्नोई, हरचंद राम पटेल, रमेंश, ओमपुरी, अमृत इत्यादि ने सक्रिय भूमिका निभाकर व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग प्रदान किया। गाँव के युवा सरपंच श्री प्रकाश पटेल ने इस आयोजन के लिये पूरे गाँव की तरफ से सभी स्वयं सेवकों एवं कार्यक्रम अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया एवं भविष्य में समय–समय पर ऐसे आयोजनों की पुनरावृति का आह्वान किया।








## मोगड़ा कलां में जागरुकता रैली निकाली

नवज्योति/जोधपुर। व्यास विश्व विद्यालय के विज्ञान संकाय के राष्ट्रीय सेवा योजना में स्मार्ट विलेज स्कीम में गोद लिए गए गांव मोगड़ा कलां में स्वयं सेवकों द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छ घर, स्वच्छ गांव, खुले में शौच बंद करने, टीकाकरण कराने, पर्यावरण संरक्षण, जल प्रबंधन के नारे लगाकर ग्रामीणों को जागरुकता का संदेश दिया गया। स्वयं सेवकों द्वारा गांव के लगभग 500 घरों का सर्वे कर विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया। इसमें मुख्य रूप से उज्जवला योजना, शौचालय निर्माण योजना, जैविक कृषि, मृदा जांच पशुपालन इत्यादि के बारे में जानकारियां इकट्ठी की गई। कार्यक्रम प्रभारी प्रो. के.आर. पटेल, प्रो. प्रवीण गहलोत, डॉ. अशोक पटेल, डॉ. उत्तम पालीवाल ने रैली, सफाई अभियान एवं सर्वेक्षण का नेतृत्व किया।

## एनएसएस शिविर का समापन

नवज्योति/ जोधपुर। राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत जय नारायण व्यास विश्विद्यालय के विधि संकाय में सात दिवसीय शिविर के अंतिम दिन आज प्रोफेसर चंदन बाला डीन विधि संकाय, प्रो सुनील आसोपा, जितेंद्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। प्रारम्भ में डॉ.के आर मेघवाल की अध्यक्षता में कोमल राजपुरोहित ने स्वागत भाषण दिया। तत्पश्चात भावना चौधरी ने सात दिवसीय कैम्प का परिवेदन दिया ।निराली गौड़, दिनेश चौधरी, अनिल, विक्रम सिंह, प्रवीण पटेल ने अपने विचार व्यक्त किए।

## मोगड़ा कलां गाँव में महिला कौशल विकास कार्यक्रम

26.1.2020

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय द्वारा स्कीम स्मार्ट विलेज इनिशिएटीव के तहत् गोद लिए गए गाँव मोगड़ा कलां में आज महिला कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत ने बताया की महिलाओं को स्वालम्बी बनाने व उनकों कुटीर उद्योग लगाने हेतु प्रशिक्षण देने के लिए सिलाई, बुनाई व कढ़ाई प्रशिक्षण का 15 दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है इसके तहत् गाँव की करीबन 100 महिलाओं को ग्राम सभा भवन में सिलाई, बुनाई व कढ़ाई का प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार से जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम में आज महिलाओं के स्वयं सहायता समूह बनाने पर भी चर्चा की गई। मोगड़ा कलां के सरपंच श्री प्रकाश पटेल ने भी सरकार द्वारा महिला विकास हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से अवगत करवाया। उन्होंने बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं व बेटी को स्वालम्बी बनाओं की बात को हर घर में लागु करने की बात कही।

ग्राम सेविका श्रीमति अंजु चौधरी ने गाँव में महिला कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित करने पर प्रो. प्रवीण गहलोत व विश्वविद्यालय का धन्यवाद ज्ञापित किया व विश्वविद्यालय से अनुरोध किया की इस तरह के अन्य कार्यक्रम आयोजित कर मोगड़ा कलां गाँव को स्मार्ट विलेज बनाने में प्रशासन का सहयोग करें।

कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय के छात्र सुमेंरमल, सुरेन्द्र रेबारी, प्रवीण गौड़, दिनेश मेंहरा व भादाराम ने सहयोग प्रदान किया।


जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय
स्मार्ट विलेज इनिशिएटिव
सिलाई बुनाई व कढ़ाई प्रशिक्षण शिविर
(स्वयं सहायता समूह चर्चा)
महिला कौशल विकास कार्यक्रम


जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय
स्मार्ट विलेज इनिशिएटिव
सिलाई, बुनाई व कढ़ाई प्रशिक्षण शिविर
(स्वयं सहायता समूह चर्चा)
महिला कौशल विकास कार्यक्रम


स्वच्छता का दीप जलाएगें,
य नारायण व्यास विश्वविद्यालय
स्मार्ट विलेज इनिशिएटिव
लाई, बुनाई व कढ़ाई प्रशिक्षण शिविर
(स्वयं सहायता समूह चर्चा)
ला कौशल विकास कार्यक्रम
Shot on vivo Z1Pro
Vivo AI camera


Shot on vivo Z1Pro
Vivo AI camera


Shot on vivo Z1Pro


1800 180 6127
Shot on vivo Z1Pro
Vivo AI camera



# महिला कौशल विकास कार्यक्रम

जोधपुर @ पत्रिका. जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय द्वारा स्मार्ट विलेज इनिशिएटिव के तहत् गोद लिए गए गांव मोगड़ा कलां में बुधवार को महिला कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत ने बताया कि महिलाओं को स्वालम्बी बनाने व उनको कुटीर उद्योग लगाने व प्रशिक्षण देने के लिए सिलाई, बुनाई व कढ़ाई प्रशिक्षण का 15 दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत गांव की करीब 100 महिलाओं को ग्राम सभा भवन में प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ा जाएगा।

## मोगड़ा कलां गाँव में नशा मुक्ति शिविर कार्यक्रम
## 5.2.2020 से 6.2.2020

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय द्वारा स्मार्ट विलेज इनिशिएटिव स्कीम के तहत् विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए मोगड़ा कलां गाँव में एक दिवसीय नशा मुक्ति शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत ने बताया की गाँवों में नशें की प्रकृति को देखते हुए यह शिविर सभी वर्ग बुजुर्ग युवा व बच्चों के लिए आयोजित किया गया। कार्यक्रम अधिकरी प्रो. प्रवीण गहलोत ने अफीम, गांजा, भांग के नशें के दूष्प्रभाव को रेखांकित किया व इससे होने वाली शारीरिक, सामाजिक व आर्थिक हानी को विस्तार से बताया। स्वयं सेवक सुरेन्द्र रेबारी ने युवाओं से गुटखा, तम्बाकु के सेवन से होने वाले कैंसर रोग व उसके दूष्परिणाम के बारे में बताया। स्वयं सेवक प्रवीण गोड़ द्वारा बच्चों में बीड़ी व सीगरेट की लत कैसे लगती है, व उसके दूष्प्रभाव क्या होते है के बारे में विस्तार से बताया। दिनेश मेंहरा ने शराब की लत व उसके शारीरिक प्रभाव पर अपना उद्‌बोधन दिया। गाँव के युवा सरपंच श्री प्रकाश पटेल द्वारा सम्पूर्ण गाँव को नशा मुक्त करने हेतु ग्रामवासियों से संकल्प लिया। ग्राम

सेविका श्रीमति अंजु चौधरी द्वारा विश्वविद्यालय को गाँव में नशा मुक्ति शिविर आयोजित करने पर धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के संचालन में विश्वविद्यालय के छात्र सुमेंरमल व भादाराम ने सहयोग प्रदान किया।















